मैं कम से कम 10-12 महिला पहलवानों को जानती हूं जिन्होंने मुझे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष से हुए यौन शोषण के बारे में बताया है। उन्होंने मुझे अपनी कहानियां सुनाईं। मैं अभी उनका नाम नहीं ले सकती लेकिन अगर हम देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मिलें तो मैं नामों का खुलासा जरूर कर सकती हूं।'' - **विनेश फोगाट**

भारतीय पहलवान, डब्लूएफआई अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **अमित रोहिदास**

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ सुरक्षा मुद्दों के मद्देनजर पेनल्टी कॉर्नर ड्रैग-फ्लिक में नियमों में बदलाव पर विचार कर सकता है, लेकिन भारतीय खिलाड़ी इस दौरान भारतीय टीम में ज्यादातर मौके पर सबसे पहले दौड़ शुरू करने वाले अमित रोहिदास इससे जुड़े जोखिम को लेकर चिंतित नहीं हैं। इस 29 साल के डिफेंडर ने 'कहा, '' मैं भारतीय टीम में सबसे पहले दौड़ने वालों में से एक रहा हूं। टीम जो भी और जब भी चाहे, मैं पहला तेज रनर हो सकता हूं। मुझे कोई समस्या नहीं है।''

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट में लगातार कैच आउट होने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान अगस्त 1982 से नवंबर 1986 तक लगातार 19 पारियों में कैच आउट हुए।

शुभमन के तूफान के आगे ब्रेसवेल का वस्फिोट बेअसर, भारत 12 रनसे जीता

हैदराबाद 18 जनवरी। पंजाब की सनसनी शुभमन गिल (208) के तूफानी दोहरे शतक की बदौलत भारत ने तीन मैचों की एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्रृखंला के पहले मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 12 रन से रोमांचक जीत अर्जित की। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवर में 349 रनो का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 49.2 ओवर में 337 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड को जीत की ओर ले जाने में मिचेल ब्रेसवेल (140) ने भरपूर प्रयास किया मगर शार्दुल ठाकुर ने अंतिम खिलाड़ी के तौर पर उनको पगबाधा आउट कर मैदान पर मौजूद और टीवी स्क्रीन से चिपके भारतीय टीम के करोड़ों प्रशंसकों को मुस्कराने का मौका दे दिया।

कप्तान रोहित शर्मा के टास जीत कर पहले बल्लेबाजी के फैसले को खरा बताते हुये शुभमन ने न्यूजीलैंड के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। न्यूजीलैंड के खिलाफ अब तक किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया यह सर्वाधिक

निजी स्कोर है। अपने करियर का पहला दोहरा शतक शुभमन ने दो लगातार छक्के लगाकर आक्रमक अंदाज में पूरा किया। अपनी पारी में उन्होने 139.59 के स्ट्राइक रेट से 19 चौके और नौ छक्के जड़े। भारतीय पारी के अंतिम ओवर में हेनरी शिपले की गेंद पर लांग आफ पर खडे फिलिप ने लंबी दौड़ लगा कर उनका शानदार कैच लपका।

शुभमन की धमाकेदार पारी का जवाब देने का जिम्मा न्यूजीलैंड के मध्य क्रम के बल्लेबाज ब्रेसवेल ने उठाया और महज 78 गेंद खेलकर दस छक्कों और 12 चौकों की मदद से 140 रन बनाये और मैच को आखिर तक रोमांच के चरम पर बनाये रखा। ब्रेसवेल के एक दिवसीय करियर का यह दूसरा शतक था। इससे पहले उनका अधिकतम निजी स्कोर 127 नाबाद था। एक समय कीवी टीम के छह विकेट महज 131 रन पर गिर चुके थे और मैच पूरी तरह भारत की गिरफ्त में था मगर ब्रेसवेल ने हरफनमौला मिचेल सेंटनर (57) सातवें विकेट के लिये 162 रन की पार्टनरशिप करके मैच को रोमांचक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया।

भारतीय कुश्ती महासंघ के विरोध में उतरे पहलवान

नई दिल्ली 18 जनवरी। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक समेत कई अन्य दिग्गज पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ ने अपनी आवाज बुलंद की है। पुनिया समेत कई पहलवानों ने बुधवार को जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर भारतीय जनता पार्टी सांसद बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में भारतीय कुश्ती महासंघ के कामकाज के प्रति खिन्नता का इजहार किया। बजरंग ने यहां पत्रकारों से कहा कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष हमें गालियां देते हैं। उनका रवैया तानाशाही का है। वास्तव में कुश्ती महासंघ में बैठे कुछ लोगों को खेल का ज्ञान नहीं है। पहलवान इस तानाशाही को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

इससे पहले उन्होने ट्वीट किया फेडरेशन का काम खिलाड़ियों का साथ देना, उनकी खेल की जरूरतों का ध्यान रखना होता है। कोई समस्या हो तो उसका निदान करना होता है। लेकिन अगर फेडरेशन ही समस्या खड़ी करे तो क्या किया जाए। अब लड़ना पड़ेगा, हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होने कहा खिलाड़ी पूरी मेहनत कर के देश को मेडल दिलाता हैं लेकिन फेडरेशन ने हमें नीचा दिखाने के अलावा कुछ नहीं किया। मनचाहे क़ायदे क़ानून लगा कर खिलाड़ियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बजरंग ने कहा जान से मारने की धमकी मिलने के बाद से हमने किसी से संपर्क नहीं किया। बृजभूषण ने ओलंपिक के बाद मुझसे बात करने से इंकार कर दिया। हम महासंघ में बदलाव चाहते हैं।

खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ से स्पष्टीकरण तलब किया

नयी दिल्ली, 18 जनवरी। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने दिग्गज पहलवानों द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाये गये आरोपों को संज्ञान में लेते हुए महासंघ से अगले 72 घंटों में स्पष्टीकरण तलब किया है। मंत्रालय ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा, पहलवानों द्वारा किये गये विरोध प्रदर्शन और प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और कोचों पर लगाये गये महिला पहलवानों के यौन उत्पीडन एवं महासंघ के कामकाज में कुप्रबंधन के आरोपों पर खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई से स्पष्टीकरण मांगा है।

हार से निराश हूं मगर लड़ना नहीं छोडूंगा : नडाल

मेलबर्न 18 जनवरी। आस्ट्रेलिया ओपन में अमेरिकी प्रतिद्धंदी मैकेंजी मैकडानल्ड से मिली हार से निराश राफेल नडाल ने स्वीकार किया है कि वह चोटों के कारण मानसिक रूप से कमजोर हुये हैं मगर दुनिया भर में अपने लाखों प्रशसंको को विश्वास दिलाते हैं कि वह अपने करियर को आगे बढ़ाते हुये जुझारू प्रवृत्ति को बरकरार रखेंगे।

विश्व के नम्बर दो खिलाड़ी नडाल को अमेरिका के मैकेंजी मैकडानल्ड ने बुधवार को 6-4, 6-4 और 7-5 से हराया जिसके बाद नडाल का मौजूदा टूर्नामेंट में सफल खत्म हो गया। नडाल दूसरे सेट के बाद हिप और लेग इंजरी से परेशान दिखने लगे थे मगर इसके बावजूद उन्होंने पूरा मैच खेला। हालांकि हार के साथ उन्होने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से विदाई ली।

मैच के बाद नडाल ने कहा,मैं अपनी चोट में इजाफा किये बगैर खेलना जारी रखता चाहता था। मै मैच को खत्म करना चाहता था। मैकेंजी ने उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन किया। एक लंबे अरसे के बाद मैं अपने मौकों के लिये लड़ रहा था मगर नेट के दूसरी ओर मैकेंजी लाजवाब टेनिस खेल रहा था। मै उसके खिलाफ उम्दा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा था और आखिर में मुझे मैच गंवाना पड़ा मगर मैने मैच के अंतिम लम्हे तक पूरी कोशिश की।

वर्ष 2009 और 2022 में आस्ट्रेलियन ओपन के विजेता का बांया कूल्हा पिछले कुछ समय से तकलीफ दे रहा है जिसके कारण उन्हे शाट खेलने में परेशानी हो रही है। जाहिर है, दर्द बढ़ने के साथ ही 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता को संन्यास लेने के विचार आने लगे थे।

मैकेंजी को जीत की बधाई देते हुये नडाल ने कहा, मैं चोट को और बढ़ाने के पक्ष में नहीं था और अपने मैच को खत्म करना चाहता था। हार के बावजूद मेरे प्रशसंकों ने खड़े होकर मेरा अभिवादन किया जो वाकई जोश भरने के लिये काफी था। आप सिर्फ आखिर तक अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर सकते हैं जो मैने किया। यही खेल का नियम है।मैंने अपने पूरे टेनिस करियर के दौरान इसका पालन करने की कोशिश की है।

महिला क्रिकेट : ऑस्ट्रेलिया ने पाक को 10 विकेट से रौंदा

ब्रिसबेन 18 जनवरी। खेल के हर विभाग में पाकिस्तान की महिला टीम को बौना साबित करते हुये आस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे एक दिवसीय मैच में मेहमान टीम को 10 विकेट से शिकस्त झेलने पर मजबूर कर दिया। एलन बार्डर फील्ड मैदान पर टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पाकिस्तान की पूरी टीम 43 ओवर में 125 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। जवाब में आस्ट्रेलिया की लड़कियों ने विजयी लक्ष्य मात्र 19.2 ओवर में हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज फोबे लीचफील्ड ने (67 नाबाद) और बेथ मूनी (57 नाबाद) अपनी टीम को जीत के द्वार तक पहुंचा कर दम लिया। पाकिस्तान का पुलिंदा बांधने में ड्रेसी ब्राउन (32 रन पर तीन विकेट) और एनाबेल सदरलैंड (13 रन पर दो विकेट) की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

पहले चरण में ही इंडिया ओपन से बाहर हुए किदांबी

नई दिल्ली, 18 जनवरी। भारत के स्टार शटलर और विश्व चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन 2023 के पहले चरण में बुधवार को डेनमार्क के विक्टर एक्सल्सन से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल पर 41 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में एक्सलसन ने श्रीकांत को 21-14, 21-19 से हराया। किदांबी ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए 7-6 की बढ़त बनाई थी, लेकिन विश्व के नंबर एक एक्सल्सन ने ब्रेक से पहले 11-8 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। दूसरे गेम में भारतीय शटलर ने बेहतर खेल दिखाते हुए 14-5 की विशाल बढ़त बना ली थी मगर एक्सलसन ने कोर्ट के चारों ओर शानदार खेल दिखाते हुए किदांबी की बढ़त को 15-12 पर ला दिया। बढ़त छोटी होने के बाद भारतीय शटलर पर दबाव बढ़ा और एक समय पर स्कोर 19-19 पर बराबर हो गया। विश्व चैंपियन एक्सल्सन ने इसके बाद लगातार दो प्वाइंट स्कोर करते हुए घरेलू टूर्नामेंट में श्रीकांत का सफर खत्म कर दिया।

खिलाड़ियों को मेडिकल और सर्जरी की सुविधा मिलेगी निःशुल्क

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट से हुआ एमओयू

जयपुर, 18 जनवरी। राजस्थान संभवतः देष का पहला राज्य है, जहा खिलाड़ियों की चोटो और फिटनेस को लेकर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् काफी संवेदनशील है। इसी परिपेक्ष में बुधवार को अभिनव बिंद्रा फाउडेंशन ट्रस्ट और खेल परिषद् में एक मैमोरेडम ऑफ अडंरस्टेडिग (एम.ओ.यू) साईन हुआ। इसके तहत चोटिल खिलाड़ियों की सर्जरी का खर्चा फाउडेषन वहन करेगा। अभिनव बिंद्रा फाउडेंशन ट्रस्ट की और से अभिनव बिंद्रा ने और खेल परिषद् की और से कार्यकारी सचिव महावीर प्रसाद मीणा ने एम.ओ.यू पर साईन किये। इस अवसर पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष, ओलम्पियन व पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया, मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया और डॉ अनूप पेनूपोल भी मौजूद थे।

इस अवसर पर पद्मश्री अभिनव बिंद्रा फाउडेंशन ट्रस्ट (ए.बी.एफ.टी) के चीफ बिंद्रा ने कहा कि अब राजस्थान के खिलाड़ियों को निःशुल्क सर्जरी की सुविधा फाउडेशन द्वारा मुहैया करवाई जायेगी। इससे उनके करियर पर विराम नहीं लगेगा। चोटिल खिलाड़ियों को मेडिकल ट्रीटमेंट, चिकित्सक, सर्जरी और रिंहेबीलिटेशन की सुविधा भी मुहैया करवाई जायेगी।

उन्होंने बताया कि फाउडेशन द्वारा खिलाड़ियों को चोटो के संबंध में नोलेज देने के साथ उन्हें ठीक भी करवाया जायेगा। फाउडेशन द्वारा अब तक अहमदाबाद, भोपाल, बैग्लोर, वाराणसी, पुणे, कोयम्बटूर, चैन्नई, इंदौर, मैगंलोर, और त्रिवेन्द्रम आदि स्थानों पर फाउडेशन का सेन्टर चल रहा है। जयपुर 11वां सेन्टर है, जहा फाउडेशन का सेन्टर शुरू किया गया है। इस सेन्टर में ईलाज के लिए तीन चिकित्सकों के पैनल द्वारा चोटिल खिलाड़ियों के नाम तय किये जायेगे।

उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की चोटो के अलावा मेंटल आस्पेक्ट और साईकोलॉजी पर ध्यान दिया जाता है। स्टार खिलाड़ियों को तो वरीयता मिल जाती है। लेकिन अन्य खिलाड़ियों को नहीं मिल पाती है। ऐसे खिलाड़ियों को ही अधिक जरूरत होती है। खिलाड़ियों की सर्जरी जयपुर ही नही बल्कि देश के अन्य स्थानों पर जरूरत पडने पर करवाई जायेगी, जिससे खिलाड़ियों का बैस्ट क्वॉलिटी पेशन बना रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई निविदा सूचना सं. एसएण्डटी-जेयू-33-2022-23

256 सिग/33/2022-23 दिनांक : 17.01.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्नलिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम :** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर आर यू बी/आर औ बी का संकेत एवं दूरसंचार से सम्बंधित कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागतः** रुपये 93,05,105/- **3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पताः** वरि.मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग जोधपुर **4. बयाना राशिः** रुपये 186100/- **5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समयः** 08.02.2023 को 11.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **6. वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें: www.ireps.gov.in**

नोटः- यह एक ई टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वेबसाइट पर टेण्डर डाले।

62-AN/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

Email Id:dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772

क्रमांक-DHC-II/2531 दिनांक-11.1.2023

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 119/144, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 107.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री मोहन लाल शर्मा पुत्र श्री भीखालाल शर्मा को किया गया था।जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2134 दिनांक 19.9.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 8.3.1990 को प्राप्त कर लिया गया था।इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2285 दिनांक 29.12.1995 के द्वारा श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री मूलचन्द अग्रवाल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया।इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 1.2.1997 को करवाया गया।इसके पश्चात श्रीमती सावित्री देवी की मृत्यु दिनांक 26.4.2021 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री विनोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री मूलचन्द अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री विनोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री मूलचन्द अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853

आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 7/MB/151 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर क्षेत्रफल 96.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्रीमती सम्पत्ति देवी पत्नी श्री गया प्रसाद गुप्ता को किया गया था।।जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4763 दिनांक 18.9.2012 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 6725 दिनांक 09.11.2012 जारी किया गया था।उनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 12.4.2013 को प्राप्त कर लिया गया था। श्रीमती सम्पत्ति देवी पत्नी स्व. श्री गया प्रसाद गुप्ता की मृत्यु दिनांक 21.1.2022 को हो जाने के कारण श्री केदार नाथ गुप्ता पुत्र स्व. श्री गया प्रसाद गुप्ता एवं श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री केदार नाथ गुप्ता के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं दिनांक 11.8.2020 को नोटरी पब्लिक से सत्यापित अपंजीकृत वसीयत की छाया प्रति व प्रथम गवाह -श्री गिरिराज प्रसाद शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा निवासी -1168 बांदरी का नासिक, जयपुर एवं द्वितीय गवाह श्री आनन्द चन्द बंसल पुत्र श्री मुरारी अग्रवाल निवासी-सी -182 महेश नगर ,जयपुर का शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोईआपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री केदार नाथ गुप्ता पुत्र स्व.श्री गया प्रसाद गुप्ता एवं श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री केदार नाथ गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय रा.आ.मण्डल, जयपुर

(नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपा.श्रीमा./2021-22/2644 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-09/11/2021

लोकेश सिंह पुत्र स्व.श्री विक्रम सिंह, जाति राजपूत वार्ड नं.08, जालपाली श्रीमाधोपुर जिला सीकर (राज.) ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं. 08 में अवस्थित भूखण्ड	चर्तुसमीर्ए निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में जितेन्द्र सिंह का भाग, पश्चिम दिशा में श्रीमाधोपुर-रींगस रोड, उत्तर दिशा में शक्तिसिंह का भाग व दक्षिण दिशा में जीवणराम बलाई व छोगसिंह शेखावत का प्लाट अवस्थित हैं।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरव से पश्चिम उत्तरी भुजा 103.3 फुट, दक्षिणी भुजा 109.6 फुट उत्तर दक्षिण पूर्वी भुजा 36.1 फुट व पश्चिमी 29.8 फुट 345.45 वर्गगज़ या 288.79 वर्गमीटर हैं।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 09.11.2021 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

(नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपा.श्रीमा./2021-22/2647 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-09/11/2021

जितेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह पुत्रगण स्व.श्री विष्णु सिंह, जाति राजपूत निवासी वार्ड नं.08, जालपाली श्रीमाधोपुर जिला सीकर (राज.) ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं. 08 में अवस्थित भूखण्ड	चर्तुसमीर्ए निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में भूमि व आम रास्ता, पश्चिम दिशा में अन्य की भूमि व शक्तिसिंह का भाग, उत्तर दिशा में आम रास्ता व दक्षिण दिशा में मोतीसिंह व गोकूल सिंक का मकान अवस्थित हैं।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरव से पश्चिम उत्तरी भुजा 89.8 फुट, दक्षिणी भुजा 84.2 फुट उत्तर दक्षिण पूर्वी भुजा 71.9 फुट 95.6 फुट कुल क्षैत्रफल 592.27 वर्गगज या 495.13 वर्गमीटर हैं।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 09.11.2021 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

(नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपा.श्रीमा./2021-22/2650 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-09/11/2021

शक्ति सिंह, शेर सिंह पुत्रगण स्व.श्री विक्रम सिंह, जाति राजपूत निवासी वार्ड नं.08, जालपाली श्रीमाधोपुर जिला सीकर (राज.) ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजन के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं. 08 में अवस्थित भूखण्ड	चर्तुसमीर्ए निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में जितेन्द्र सिंह का भाग, पश्चिम दिशा में भूमि छोडकर श्रीमाधोपुर-रींगस रोड, उत्तर दिशा मे अन्य खाली भूमि व दक्षिण दिशा में अन्य की भूमि अवस्थित हैं।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरव से पश्चिम उत्तरी भुजा 69.10 फुट दक्षिणी भुजा 81.4 फुट व उत्तर से दक्षिण पूर्वी भुजा 29.5 फुट व पश्चिम भुजा 35.3 फुटकुल क्षैत्रफल 298.13 वर्गगज या 249.23 वर्गमीटर हैं।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 09.11.2021 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph.-01431-260714

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2022/7315 दिनांक-18.01.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

क्र.सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम	वर्गगज	प्रयोजन
1	हंसराज, योगेश, अवधेश शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा अहमदाबाद	205 शिवनगर राजौली	100	आवासीय
2	हंसराज, योगेश, अवधेश शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा अहमदाबाद	उपरोक्त	500	आवासीय
3	मुकेश कुमार पुत्र बिरदी चंद मीणा चिमनपुरा	13/4 मोडल्या कॉलोनी सालगरामपुरा चक नंबर 6	233.33	आवासीय
4	हेमा देवी पत्नी हनुमान प्रसाद मीणा चिमनपुरा	उपरोक्त	233.33	आवासीय
5	रमेश चंद्र पुत्र मोहन लाल शर्मा चांदसेन	उपरोक्त	275	आवासीय
6	रमेश चंद्र पुत्र मोहन लाल शर्मा चांदसेन	उपरोक्त	51.94	आवासीय
7	अवधेश कुमार पुत्र राधेश्याम शर्मा नई बस्ती सुकार	178 गंगापुर रोड राजोली	80	आवासीय
8	लक्ष्मी देवी पुत्री राम भरोसी शर्मा पत्नी अवधेश कुमार शर्मा नई बस्ती सुकार	उपरोक्त	80	व्यवसाय
9	चंद्रकला पत्नी राधेश्याम शर्मा नई बस्ती सुकार	उपरोक्त	157.33	आवासीय
10	चंद्रकला पत्नी राधेश्याम शर्मा नई बस्ती सुकार	उपरोक्त	86	व्यवसाय
11	रमेश चंद सैनी पुत्र किशन लाल सैनी लालसोट	3891/2031 गंगा यमुना कॉलोनी लालसोट	304.98	व्यवसाय
12	कैलाश प्रसाद सिंह पुत्र किशनलाल सैनी लालसोट	उपरोक्त	237.56	व्यवसाय
13	कमलेश कुमार पुत्र किशन लाल सैनी लालसोट	उपरोक्त	289.23	व्यवसाय
14	तुलसा देवी पत्नी दुलीचंद सैनी मंडावरी	1553,1554 गणेश वाटिका लालसोट	50	आवासीय
15	भूरी देवी पत्नी बद्री लाल मीणा मंडावरी	3798/2028 देवनगर ल